# अध्ययन-सत्र :

# सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर अध्ययन-साधनों की खोज करने के विषय पर प्रशिक्षण-सत्र

सोमवार, ७ सितम्बर, २०२०

आत्मीय पाठकगण,

कल मैंने आपको यह जानकारी दी थी कि सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर प्रत्येक सप्ताह सिद्धयोग वैश्विक हॉल में सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा अध्ययन-सत्र आयोजित होंगे।

मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रथम अध्ययन-सत्र में, मैं आपको उस शीर्षक के अर्थ व महत्त्व के बारे में विस्तार से बताऊँगा जो श्रीगुरुमाई ने इन अध्ययन-सत्रों को प्रदान किया है; वह शीर्षक है :

स्वाध्याय

सिद्धयोग पथ की वेबसाइट, सिद्धयोग की सिखावनियों व अभ्यासों के ज्ञान व अनुभवों का भण्डार है। आमतौर पर, एक सत्संग के समापन पर, आपको अपनी स्मरण शक्ति पर निर्भर रहना पड़ता है जिससे कि आपने जो सुना है, सीखा है और अनुभव किया है उसे आप पुनः याद कर सकें और अपनी स्मृति में बनाए रख सकें। परन्तु सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर हमारे लिए सब कुछ बड़ी आसानी से उपलब्ध है। प्रज्ञान के अनुपम रत्न—जैसे गुरुमाई चिद्विलासानन्द की कविताएँ व प्रवचन, वर्ष २०२० के लिए श्रीगुरुमाई के सन्देश पर आधारित अध्ययन के साधन, सिद्धयोग संगीत की रिकॉर्डिंग्स—आपके लिए सदैव उपलब्ध रहते हैं ताकि आप इन्हें बार-बार देख सकें, बार-बार इनका अध्ययन कर सकें तथा उन नए साधकों को भी इनके विषय में बता सकें जिन्हें आध्यात्मिक पथ का अनुसरण करने में रुचि है।

मैंने यह भी सुना है कि बहुत-से लोगों ने—चाहे वे किसी भी उम्र के हों—अपने मित्रों को बताया है कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि उनकी सिद्धयोग साधना को सम्बल प्रदान करने के लिए, सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर क्या-क्या उपलब्ध है। वे किस प्रकार वेबसाइट पर इन सभी अध्ययन-साधनों को देखें व खोजें, इसके बारे में भी उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं है। मैं समझ सकता हूँ!

सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर उपलब्ध ज्ञान महासागर जैसा गहरा है। यह सिद्धयोग की सिखावनियों का एक उत्कृष्ट भण्डार है।

इसलिए, इन अध्ययन-सत्रों का प्रबन्ध निदेशक होने के नाते, मैंने प्रथम अध्ययन-सत्र में एक प्रशिक्षण-सत्र शामिल किया है जिसमें हम यह जानेंगे कि सिद्धयोग पथ की वेबसाइट को हम कुशलता से और सफलतापूर्वक किस प्रकार देख सकें और अध्ययन-साधनों को वेबसाइट पर खोज सकें। और मैं आशा करता हूँ कि यदि एक बार आप इसे भली प्रकार समझ लें तो जिन्हें आपकी सहायता की आवश्यकता हो, उन्हें भी आप इसके बारे में समझा पाएँगे।

आप कम समय में अधिक प्रभावी ढंग से सिद्धयोग की सिखावनियों के इस ख़ज़ाने तक पहुँच पाएँ और अपने अध्ययन व अभ्यास में आगे बढ़ पाएँ, इसके लिए एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन इस प्रशिक्षण-सत्र का आयोजन कर रहा है; इसका संचालन सन्दीप कनोसल करेंगे जो कि एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन के वेबसाइट विभाग के प्रमुख हैं। वर्ष २०१४ के दिसम्बर माह में सन्दीप को वेबसाइट विभाग के प्रमुख होने का उत्तरदायित्व सौंपा गया था। जैसा कि आप जानते ही हैं, वे यह कार्य बड़े अच्छे ढंग से करते रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित हो कि सिद्धयोग की सिखावनियाँ आपके लिए आसानी से उपलब्ध हों और आप इन्हें आसानी से प्राप्त कर सकें जिससे आप अपनी सिद्धयोग साधना में अग्रसर हो पाएँ।

अपने देश के समायानुसार सभी लोग इसमें भाग ले सकें और पूरी तरह से भाग लेने में सभी को मदद मिले इसके लिए, “स्वाध्याय” का पहला अध्ययन-सत्र शनिवार, १२ सितम्बर को दो बार आयोजित होगा :

- सुबह ११:००-१२:०० ईस्टर्न डेलाईट टाइम [यू. एस. ए]
- शाम ७:३०-८:३० ईस्टर्न डेलाईट टाइम [यू. एस. ए]

कुछ अन्य जानकारियाँ :

- इन दोनों प्रशिक्षण-सत्रों में एक-सी जानकारी दी जाएगी, तो कृपया अपने सुविधाजनक समयानुसार इसमें भाग लें।
- इस शनिवार को आयोजित होने वाले दोनों प्रशिक्षण-सत्र अंग्रेज़ी में होंगे तथा कुछ दिनों में इसके भाषान्तर उपलब्ध होंगे।

आप सभी *सुरक्षित रहें!* और सिद्धयोग वैश्विक हॉल में अध्ययन-सत्रों में भाग लेने के लिए समय निकालें।

आदर सहित,

स्वामी अखण्डानन्द
अध्ययन-सत्रों के प्रबन्ध निदेशक
एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन

© २०२० एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।